भारत सरकार / Government of India
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय/ Ministry of Skill Development & Entrepreneurship
प्रशिक्षण महानिदेशालय / Directorate General of Training
राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान /National Skill Training Institute (NSTI)
उद्योग नगर, कानपुर / Udyog Nagar, Kanpur-208022

NSTIK/BOYSHOSTELALLOTMENT/2022-23(E-53623) दिनांक:- 12.08.2026

## कार्यालय आदेश

**विषय: शैक्षणिक सत्र 2026-27/28 में प्रवेश लेने वाले CTS/CITS प्रशिक्षुओं हेतु पुरुष एवं महिला छात्रावास के आवंटन के संबंध में।**

शैक्षणिक सत्र **2026-27/28** में प्रवेश लेने वाले CTS/CITS प्रशिक्षुओं को पुरुष एवं महिला छात्रावास में आवास आवंटित किए जाने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया जाता है:

1. **श्री एम. एल. रस्तोगी, उप-निदेशक** — अध्यक्ष
2. **श्री क्रांति वर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी** — सदस्य
3. **श्री सचिन कुमार गुप्ता, प्रशिक्षण अधिकारी** — सदस्य

## छात्रावास आवंटन हेतु दिशा-निर्देश

समिति द्वारा छात्रावास का आवंटन निम्नलिखित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा:

1. **दिव्यांग (PH) श्रेणी** के छात्र/छात्राओं को भूतल स्थित कमरों में छात्रावास की सुविधा **प्रथम वरीयता के आधार पर तत्काल प्रभाव से** प्रदान की जाएगी।
2. बिंदु 1 में उल्लिखित श्रेणी के अतिरिक्त अन्य छात्र/छात्राओं को छात्रावास का आवंटन **संस्थान के पिन कोड 208022 से उनके स्थायी निवास के पिन कोड के मध्य दूरी** के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में वरीयता सूची प्रवेश की अंतिम तिथि **14.08.2026** के पश्चात तैयार की जाएगी।
3. शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने की तिथि **17.08.2026** को बिंदु 2 के अनुसार तैयार वरीयता सूची के आधार पर पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रावास आवंटित किया जाएगा।
4. छात्रावास में उपलब्ध सीटों को CTS एवं CITS के प्रवेश के अनुपात के आधार पर क्रमशः **1:6 के अनुपात में आरक्षित** रखा जाएगा। सीटों का विवरण निम्नानुसार है:

| **पाठ्यक्रम** | **कुल संख्या** |
|---|---|
| CTS | 156 |
| CITS | 825 |
| **कुल** | **981** |

5. **आर्थिक रूप से कमजोर एवं अति-जरूरतमंद प्रशिक्षार्थियों** के लिए छात्रावास की कुल उपलब्ध सीटों में से **5% सीटें आरक्षित** रहेंगी। ऐसे प्रशिक्षार्थियों को छात्रावास का आवंटन समिति की अनुशंसा एवं कार्यालयाध्यक्ष के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।

यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा फाइल संख्या **NSTIK/BOYSHOSTELALLOTMENT/2022-23 (E-53623)** में निहित नोट 196 के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात जारी किया जा रहा है।

राहुल Priy 12/8/26

**(राहुल प्रियदर्शी)**
**उप-निदेशक/कार्यालयाध्यक्ष**

**प्रतिलिपि:-**

1. क्षेत्रीय निदेशक, आर.डी.एस.डी.ई., कानपुर।
2. उप-निदेशक/कार्यालयाध्यक्ष, आर.डी.एस.डी.ई., कानपुर।
3. समिति के समस्त सदस्यों को।
4. छात्रावास प्रभारी को।
5. श्री अरविंद कुमार, छात्रावास अधीक्षक – छात्र को।
6. श्रीमती रश्मि त्रिवेदी, छात्रावास अधीक्षक – छात्रा को।
7. प्रशिक्षण अनुभाग को।
8. सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु।

**(राहुल प्रियदर्शी)**
**उप-निदेशक/कार्यालयाध्यक्ष**